# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२२-२०२३**

| कक्षा:8- | विषय अमृत संचय: | पाठ: 5 काबुलीवाला |
| --- | --- | --- |

**1. बालिका (मिनी) कितने वर्ष की थी? उसका स्वभाव कैसा था?**

**उत्तरः मिनी लगभग पाँच वर्ष की थी। उसका स्वभाव चंचल, नटखट, बातूनी और मिलनसार था।**

**2. काबुलीवाला मिनी को क्या देता था? और क्यों?**

**उत्तरः काबुलीवाला मिनी को किशमिश, बादाम, पिस्ता आदि मेवे देता था, क्योंकि वह उसे अपनी बेटी की तरह स्नेह करता था।**

**3. काबुलीवाले ने मिनी के पिता की अठन्नी क्यों नहीं ली?**

**उत्तरः उसने अठन्नी नहीं ली क्योंकि वह मिनी को मेवे प्रेम और स्नेहवश देता था, उनका मूल्य नहीं लेना चाहता था।**

**4. रहमत को सजा क्यों हुई?**

**उत्तरः रहमत ने अपने उधार के पैसे माँगने पर हुए झगड़े में एक व्यक्ति को चाकू मार दिया, इसलिए उसे जेल की सजा हुई।**

**5. मिनी को विवाह के वस्त्रों में देखकर रहमत क्यों सकपका गया?**

**उत्तरः मिनी को बड़ी होकर दुल्हन के रूप में देखकर रहमत को अपनी अफगानिस्तान में रहने वाली बेटी की याद आ गई। उसे एहसास हुआ कि समय बहुत बीत चुका है, इसलिए वह भावुक और सकपका गया।**